**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**26.06.2019 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 847 का उत्तर**

**स्टेशन पुनर्विकास योजना**

**847. एडवोकेट अदूर प्रकाश**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) देश में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास योजना की वर्तमान स्थिति क्या है;**

**(ख) इसके लिए चिह्नित किए गए स्टेशनों को आवंटित निधि सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) इस संबंध में अब तक प्राप्त प्रगति की स्थिति का ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

**स्टेशन पुनर्विकास योजना के संबंध में 26.06.2019 को लोक सभा में एडवोकेट अदूर प्रकाश के अतारांकित प्रश्न संख्या 847 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ग): विभिन्न एजेंसियों के जरिए रेल मंत्रालय रेलवे स्टेशनों की तकनीकी-आर्थिक व्यावहार्यता का अध्ययन कर रहा है। व्यवहार्यता अध्ययन के परिणाम के आधार पर इन स्टेशनों का चरणों में पुनर्विकास करने की योजना बनाई जाएगी, विशेष रूप से वे स्टेशन जो बड़े शहरों में, तीर्थ स्थानों और महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर हैं। स्टेशनों का पुनर्विकास स्टेशनों और उसके आसपास की खाली पड़ी भूमि/नभ क्षेत्र का वाणिज्यिक विकास द्‌वारा किए जाने की योजना है। इसलिए, इस उद्देश्य के लिए कोई निधि निर्धारित नहीं की गई है। इस समय, गांधीनगर (गुजरात) और हबीबगंज (मध्य प्रदेश) स्टेशनों पर पुनर्विकास के कार्य प्रगति पर हैं। गोमतीनगर, चारबाग (उत्तर प्रदेश) और पुडुचेरी (पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश) स्टेशनों के लिए पुनर्विकास के ठेके दे दिए गए हैं।**

*****